**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक** : 27.06.2026 **समय** : 02.10PM

**एमएसएमई दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी भोपाल के रवींद्र भवन में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एमएसएमई इकाइयों को 225 करोड़ 19 लाख और स्टार्ट–अप को लगभग 39 लाख रुपये की राशि अंतरित करेंगे। समिट में 2000 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें एमएसएमई, उद्यमी, स्टार्ट–अप, वित्तीय संस्थान, ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म एवं महिला स्व–सहायता समूह शामिल होंगे।

**शाह शुरूआत–भारत टैक्सी**

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात में गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर से, देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा– भारत टैक्सी का शुभारंभ किया। शुरुआत में यह सेवा राज्य के 14 प्रमुख शहरों में शुरू की जाएगी। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चालकों को प्लेटफॉर्म शेयर सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गये।

**मुख्यमंत्री–बैतूल दौरा**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज से दो दिवसीय दौरे पर बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू जाएंगे। मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत कुकरू में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से बातचीत करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। अगले दिन मुख्यमंत्री स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। वहीं पौध–रोपण कार्यक्रम के बाद कॉफी प्लांटेशन का निरीक्षण भी करेंगे।

**प्रधानमंत्री – मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 135वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज की वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

**सिंधिया–गुना दौरा**

संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से गुना जिले के तीन दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री सिंधिया ने आज सर्किट हाउस में लोगों से भेंट कर उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कंजा गांव में पौधारोपण किया। श्री सिंधिया का रुथियाई क्षेत्र में एक सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन करने का भी कार्यक्रम है।

**नड्डा – शुभारंभ**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 29 जून को नई दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई डिजिटल पहलों का शुभारंभ करेंगे। इनमें आरोग्य सेतु 2.0, आयुष्मान सारथी चैटबॉट, आयुष्मान ऐप, ई–सुश्रुत क्लिनिक, नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज और स्वास्थ्य मानक शामिल हैं। वहीं श्री नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के 16वें सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की दस्तक के बाद इसकी रफ्तार फिलहाल थम गई है। अगले 2 से 3 दिनों में इसके फिर सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर,शहडोल और सागर संभागों के 43 जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है।

**कुछ समाचार संक्षेप में...**

- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में सिंहस्थ–2016 के अनुभव, 2028 का संकल्प विषयक कार्यशाला का शुभारंभ किया।**
- **कटनी जिले में कल राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाएगा।**
- **खंडवा जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान अभियान के प्रति जागरूकता के लिए आज विशाल रैली आयोजित की गई।**
- **नरसिंहपुर जिले में "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

.............